05/11/2024

# कार्यालय अधिष्ठाता
# शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय,दतिया

E mail Id- datiamedicalcollege@gmail.com

पता– 29,बटालियन के पास, एन.एच. 44 जिला दतिया, म.प्र. पिनकोड– 475661

क्र– 9668 /ई–टेण्डर/शा.चि.म./2024 दिनांक– 05/11/2024

## //कुटेशन आमंत्रण सूचना//

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया अंतर्गत एस.टी.पी./ई.टी.पी. प्लांट के संचालन की तात्कालिक वैकल्पिक व्यवस्था बनाये रखने एवं अस्पताल की व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन हेतु एस.टी.पी./ई.टी.पी. प्लांट के संचालन के कार्य को आगामी तीन माह अथवा नवीन निविदा स्वीकृत होने तक जो भी पहले हो तक मय लेबर मय अन्य समस्त आवश्यक सामग्री के सीमित निविदा के माध्यम से करवाया जाना है। इस हेतु इच्छुक निविदाकारों से संलग्न वित्तीय प्रारूप में सीलबंद लिफाफों में कुटेशन आमंत्रित की जा रही है।

अतः इच्छुक पंजीकृत निविदाकार शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया में उपरोक्तानुसार किये जाने वाले कार्य हेतु वित्तीय निविदा दिनांक 12/11/2024 अपरान्ह 12:00 बजे तक रजिस्टर्ड डाक या स्पीड पोस्ट या स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय अधिष्ठाता शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया में जमा करा सकते हैं। समय सीमा पश्चात प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।

05/11/24

अधिष्ठाता
**शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय**
**दतिया (म.प्र.)**

**क्र– 9668-74/ई–टेण्डर/शा.चि.म./2024** **दिनांक– 05/11/2024**

**प्रतिलिपि –**

1. अधीक्षक, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया (म.प्र.) की ओर सूचनार्थ।
2. प्रभारी एस.टी.पी./ई.टी.पी. प्लांट शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया।
3. प्रभारी वेबसाइट की ओर लेख है कि कुटेशन आमंत्रण सूचना को शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
5. स्थानीय लेखा शाखा, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया म.प्र.।
6. मैसर्स ........................................................................।

05/11/24

अधिष्ठाता
**शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय**
**दतिया (म.प्र.)**

# कार्यालय अधिष्ठाता शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया

## //निविदा की सामान्य शर्ते//

1. उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया अंतर्गत एस.टी.पी./ई.टी.पी. प्लांट के संचालन की तात्कालिक वैकल्पिक व्यवस्था बनाये रखने एवं अस्पताल की व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन हेतु एस.टी.पी./ई.टी.पी. प्लांट के संचालन के कार्य को आगामी तीन माह अथवा नवीन निविदा स्वीकृत होने तक जो भी पहले हो तक मय लेबर मय अन्य समस्त आवश्यक सामग्री के सीमित निविदा के माध्यम से करवाया जाना है।
2. संस्था का जीवित जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन होना चाहिए। जिसकी प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. निविदा में पहला लिफाफा परिषिष्ट "अ" जिसमें निविदा से संबधित समस्त तकनीकी दस्तावेजों की अभिप्रमाणित प्रतिलिपियाँ, जिसका विवरण प्रपत्र के ऊपर लिखा होना अनिवार्य है।
4. द्वितीय लिफाफा परिषिष्ट "ब" जिसमें निविदा से संबंधित वित्तीय निविदा को सुपाठ्य शब्दों में भरकर प्रेषित किया जाना होगा। वित्तीय निविदा में किसी भी प्रकार की काटापीटी, ओवर राइटिंग अथवा अस्पष्ट अंक स्वीकार नहीं होगें। इन दोनों लिफाफों को सील बंद कर तीसरे लिफाफे में रखकर अधिष्ठाता शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया को संबोधित कर निविदा प्रस्तुत की जानी होगी। प्रत्येक लिफाफे में लिफाफा का नाम एवं निविदाकार का नाम, एवं विवरण अंकित किया जाना अनिवार्य होगा।
5. निविदा खोले जाने पर सर्वप्रथम समस्त निविदाकारों के तकनीकी दस्तावेजों का परीक्षण किया जावेगा, तकनीकी समिति की संतुष्टि उपरांत ही संबंधित फर्म की फायनेन्शियल बिड खोली जावेगी। तकनीकी दस्तावेजों में किसी भी प्रकार की कमी अथवा त्रुटि पाये जाने पर संबंधित फर्म की निविदा अमान्य कर संबंधित फर्म की वित्तीय निविदा नहीं खोली जावेगी।
6. शब्दों एवं अंकों में लिखी दरों में अन्तर होने पर शब्दों में लिखी हुई दरों को मान्य किया जावेगा।
7. किसी भी निविदा को स्वीकृत पूर्व या पश्चात् अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार विभागीय समिति के पास सुरक्षित रहेगा। विभागीय समिति का निर्णय अन्तिम मान्य होगा एवं सभी निविदाकर्ता को स्वीकार्य होगा।
8. निविदा न्यूनतम प्रभावी दर पर स्वीकृत की जावेगी।

05/11/24

Dean
Government Medical College
Datia M.P.

9. निविदा स्वीकृति उपरांत नियमानुसार 500/- रू के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर अनुबंध निष्पादित किया जाना होगा।

10. सफल निविदाकार को राशि रूपये 48000/- की एक एफ.डी.आर. परफॉरमेन्स गारंटी के रूप में अनुबंध के साथ जमा करानी होगी।

11. निविदा स्वीकार करने के उपरांत कार्य करने में असमर्थता व्यक्त करने की स्थिति में धरोहर राशि राजसात की जावेगी तथा दूसरे क्रम के निविदाकर्ता से कार्य कराया जावेगा। इसमें जो भी शासकीय हानि होगी, उसकी वसूली संबंधित निविदाकर्ता से भूराजस्व संहिता के तहत् की जावेगी।

12. कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक होने की स्थिति में नोडल एस.टी.पी./ई.टी.पी. के अनुमोदन उपरांत कार्य पूर्ण होने पर भुगतान किया जावेगा। कार्य हेतु कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जावेगा।

13. कार्यादेश जारी किए जाने एवं कार्य संपादन के दौरान यदि किसी स्तर पर वह प्रतीत होता है कि निर्धारित गुणवत्ता एवं मापदण्डों में समझौता किया गया है तो कार्यादेश निरस्त किया जा सकेगा एवं निविदाकर्ता द्वारा जमा की गई धरोहर राशि राजसात कर ली जावेगी।

14. समय सीमा में कार्य पूर्ण न करने अथवा कार्य अंसतोषजनक पाये जाने पर अनुबंध राशि का 02 प्रतिशत प्रति दिवस के मान से पेनल्टी अधिरोपित की जावेगी।

15. किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायक्षेत्र दतिया होगा।

05/11/24

Dean
Government Medical College
Datia M.P.

# कार्यालय अधिष्ठाता शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया

परिशिष्ट अ

## //तकनीकी निविदा प्रारूप//

| | आवश्यक दस्तावेजों की सूची | संलग्न हॉ/ना |
|---|---|---|
| 1 | एजेन्सी का नाम | |
| 2 | पता, टेलीफोन न0, मोबाइल न0 | |
| 3 | अधिकृत व्यक्ति का नाम<br>टेलीफोन न./मोबाइल न. एवं ई-मेल एड्रेस | |
| 4 | पैन कार्ड | |
| 5 | जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन | |
| 6 | पिछले माह अथवा पिछले क्वाटर का जी.एस.टी.आर 3-बी सर्टिफिकेट | |
| 7 | 100/-रू के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर नॉन ब्लैक लिस्टेड सर्टिफिकेट | |

निविदाकार के पूर्ण हस्ताक्षर एवं सील

05/11/24

Dean
Government Medical College
Datia M.P.

# कार्यालय अधिष्ठाता शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया

परिशिष्ट ब

## //वित्तीय निविदा प्रारूप//

| क्र | कार्य का विवरण | पूर्व में निविदा द्वारा स्वीकृत राशि | दर (प्रतिशत में) | प्रतिशत कम या ज्यादा | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया अंर्तगत एस.टी.पी. /ई.टी.पी. के संचालन का कार्य मय लेबर मय अन्य समस्त आवश्यक मेटेरियल तीन माह हेतु ) | 15.34 लाख रू मय टैक्स (पन्द्रह लाख चौंतीस हजार रू/– मय टैक्स) तीन माह हेतु | ......................... (अंकों में) ......................... (शब्दों में) | | |

05/11/24
Dean
Government Medical College
Datia M.P.